# बड़ा प्यारा है खाटू दरबार देखिए

बड़ा प्यारा है खाटू दरबार देखिए ,
यहां झुकता है सारा संसार देखिए |

मेरे श्याम प्यारे श्याम मेरे श्याम बाबा श्याम ...

1. दूर-दूर से भक्त हैं आते,
   श्याम प्रभु को धोक लगाते,
   श्रद्धा भावों से, चूरमा चढ़ा के देखिए, कोई चूरमा और इत्र चढ़ाके देखिए
   यहां झुकता है सारा संसार देखिए ||
   मेरे श्याम, प्यारे श्याम, मेरे श्याम, बाबा श्याम...

2. ज्योत जले दिन- रात यहां पे,
   बनती बिगड़ी बात यहां पे,
   हो श्याम भक्तों की, लगी है कतार देखिये,
   यहां झुकता है सारा संसार देखिए ||
   मेरे श्याम, प्यारे श्याम, मेरे श्याम, बाबा श्याम...

3. हारे के हैं ये ही सहारे,
   हर्ष के संग कैलाश पुकारे,
   हो बाबा कर देंगे, सब का उद्धार देखिए,
   यहां झुकता है सारा संसार देखिए ||
   मेरे श्याम, प्यारे श्याम,मेरे श्याम बाबा श्याम...

   श्री श्याम,जय श्याम, मेरे श्याम, प्यारे श्याम,
   श्री श्याम,जय श्याम,मेरे श्याम,बाबा श्याम,

   श्री श्याम,जय श्याम, मेरे श्याम, प्यारे श्याम,
   श्री श्याम,जय श्याम,मेरे श्याम,बाबा श्याम, खाटू श्याम ...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/35065/title/bada-pyara-hai-khatu-darbar-dekhiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |